तुमसे है बाबा हर खुशी अपनी भजन लिरिक्स

तुमसे है बाबा हर खुशी अपनी,
तूने सजा दी है जिन्दगी अपनी,
तुमसें है बाबा हर खुशी अपनी।bd।

तर्ज – अब तो है तुमसे।

तेरे पास आए तो,
गम से दूर हो गए,
मजबूर थे हम श्याम,
मशहुर हो गए,
तूने मिटा दी है,
बेबसी अपनी,
तुमसें है बाबा हर खुशी अपनी।bd।

ज़माने से है जुदा,
श्याम तेरी माया,
बस मेरे गुणों को,
तूने है दिखाया,
तूने छूपा दी है,
हर कमी अपनी,
तुमसें है बाबा हर खुशी अपनी।bd।

तुमसे से ही प्रीत है,
तुमसे ही याराना,
इसीलिए तो है प्रभु,
दर पे आना जाना,
तू ही तो है प्यारे,
आशिकी अपनी,
तुमसें है बाबा हर खुशी अपनी।bd।

'सोनू' ने कभी ना की,
कोई फरमाइशे,
फिर तूने पूरी की,
मेरी हर ख्वाहिशे,
तू तो समझता है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ख़ामोशी अपनी,
तुमसें है बाबा हर ख़ुशी अपनी।bd।

तुमसे है बाबा हर ख़ुशी अपनी,
तूने सजा दी है जिन्दगी अपनी,
तुमसें है बाबा हर ख़ुशी अपनी।bd।

Singer – Sachin Ji Kedia

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com